# परीक्षा समिति की आकस्मिक बैठक संख्या 2021/04 दिनांक: 14.08.2021 का कार्यवृत्त

आज दिनांक 14.08.2021, दिन शनिवार को अपराह्न 03:00 बजे सेण्टर फॉर एकेडिमिक्स भवन स्थित कार्यपरिषद कक्ष में परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में निम्नांकित उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 नन्द लाल, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 संजय कुमार स्वर्णकार, आचार्य, अंग्रेजी विभाग, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अंशु यादव, आचार्या, आई.बी.एम. विभाग, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | सदस्या |
| 6. | डा0 सिद्धार्थ कुमार मिश्रा, एसोशिएट प्रोफेसर, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | डा0 महेश प्रसाद यादव, संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, जनता कालेज, बकेवर, इटावा | सदस्य |
| 8. | डा0 आशा रानी पाण्डेय, संस्कृत विभाग, डी0जी0 कालेज, कानपुर | सदस्या |
| 9. | डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय, अध्यक्ष, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 10. | डॉ0 अवधेश सिंह, महामंत्री, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 11. | डॉ0 अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | कुलसचिव |
| 12. | डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | पदेन सचिव |
| 13. | डॉ0 आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 14. | प्रो. सुधान्शु पाण्ड्या, डीन, प्रशासन, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 15 | श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा, लेखाधिकारी, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |

सचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परीक्षा समिति की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गये :–

**मद सं0–2021.04.01** परीक्षा समिति की सम्पन्न हुई बैठक दिनांक 10–06–2021 की कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।

**निर्णय–** परीक्षा समिति की पूर्व में सम्पन्न हुई सामान्य बैठक दिनांक 10–06–2021 की कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश के साथ उक्त बैठक की कार्यवाही का सम्पुष्टिकरण किया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में सम्बन्धित विभाग से प्रगति आख्या प्राप्त कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0



Scanned with CamScanner

मद सं0–2021.04.2 दिनांक 31–07–2021 को परीक्षा परिणाम तैयार किये जाने एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रकरणों पर माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में आहूत बैठक की कार्यवाही का सम्पुष्टिकरण पर विचार।

निर्णय– परीक्षा समिति की पूर्व में सम्पन्न हुयी सामान्य बैठक दिनांक 10–06–2021 की कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश के साथ उक्त बैठक की कार्यवाही का सम्पुष्टिकरण किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.3 नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत सत्र 2021–22 से महाविद्यालयों/संस्थानों से लिए जाने वाले परीक्षा शुल्क में पिछल परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 10.06.2021 में विचार किया गया था। जनमानस से प्राप्त फीडबैक एवं महाविद्यालयों की मांग पर उक्त शुल्कवृद्धि की वापसी पर विचार।

निर्णय – परीक्षा समिति की पूर्व बैठक दिनांक 10.06.2021 में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पाठ्यकमों में विभिन्न बदलावों के कारण सत्र 2021–22 से पूर्व में संचालित वार्षिक पाठ्यकमों के परीक्षा शुल्क में वृद्धि की गयी थी परन्तु कोविड–19 के द्वारा उत्पन्न परिस्थितियों एवं जनमानस से प्राप्त फीडबैक–प्रतिपुष्टि एवं महाविद्यालयों की मांग पर उक्त शुल्कवृद्धि को वापस किये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा गहन विचारोपरान्त शुल्क को निम्नवत् किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में वर्तमान में प्रभावी परीक्षा शुल्क एवं नवीनतम् परीक्षा शुल्क

| क्र. सं. | कक्षा | संकाय/पाठ्यक्रम | पूर्व परीक्षा शुल्क | परीक्षा समिति 10.06.2021 के निर्णयानुसार नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत दिनांक–01 जुलाई, 2021 से प्रस्तावित परीक्षा शुल्क | नवनिर्धारित परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक | कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि | रू0 685/– प्रायो./मौखिक रू0 100/– अतिरिक्त | रू0 1000/– प्रति सेमेस्टर रू0 2500/– अंतिम सेमेस्टर प्रायो./मौखिक रू0 200/– अतिरिक्त | रू0 685/–प्रति परीक्षा प्रायो./मौखिक रू0 100/– अतिरिक्त |
| 2. | परास्नातक | कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि | रू0 835/– प्रायो./मौखिक रू0 100/– अतिरिक्त | रू0 1500/– प्रति सेमेस्टर रू0 3000/– अंतिम सेमेस्टर हेतु प्रायो./मौखिक रू0 250/– अतिरिक्त | रू0 835/– प्रति परीक्षा प्रायो./मौखिक रू0 100/– अतिरिक्त |
| 3. | बी0एड0 | --- | रू0 1300/– | रू0 1500/– | रू0 1300/– प्रति परीक्षा |
| 4. | एम0एड0 | --- | रू0 1700/– | रू0 2000/– | रू0 1700/– प्रति परीक्षा |
| 5. | एलएल0बी0 एवं | --- | रू0 1020/– | रू0 1500/– प्रति | रू0 1020/– प्रति |



Scanned with CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | बी0ए0एलएल0बी | | प्रति सेमेस्टर | सेमेस्टर<br>मौखिकी रू0 200/–<br>रू0 3000/– अंतिम सेमेस्टर हेतु | परीक्षा |
| 6. | एम0एससी0 | समस्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम (गणित, भौतिकी, रसायन, जन्तु व वनस्पति विज्ञान को छोड़कर) | रू0 1500/– प्रति सेमेस्टर | रू0 1500/– प्रति सेमेस्टर<br>रू0 3000/– अंतिम सेमेस्टर हेतु | रू0 1500/– प्रति परीक्षा |
| | | | **व्यावसायिक पाठ्यक्रम** | | |
| 7. | बी0एससी0 नर्सिंग | नर्सिंग/पोस्ट बेसिक नर्सिंग | रू0 1000/– | रू0 1500/–<br>रू0 3000/– अंतिम वर्ष | रू0 1000/– प्रति परीक्षा |
| 8. | बी0एससी0 नर्सिंग | चार वर्षीय पाठ्यक्रम | रू0 3000/– | रू0 4500/–<br>रू0 6000/– अंतिम वर्ष | रू0 3000/– प्रति परीक्षा |
| 9. | एम0बी0बी0एस0 | --- | रू0 7500/– | रू0 9000/–<br>रू0 15000/– अंतिम वर्ष | रू0 7500/– प्रति परीक्षा |
| 10. | बी0ए0एम0एस0/ बी0यू0एम0एस | --- | रू0 7500/– | रू0 9000/–<br>रू0 15000/– अंतिम वर्ष | रू0 7500/– प्रति परीक्षा |
| 11. | बी0डी0एस0 | --- | रू0 7500/– | रू0 9000/–<br>रू0 15000/– अंतिम वर्ष | रू0 7500/– प्रति परीक्षा |
| 12. | एस0सी0एच0/ पी0जी0 डिप्लोमा (मेडिकल) | --- | रू0 10,000/– | रू0 15000/– | रू0 10,000/– प्रति परीक्षा |
| 13. | एम0डी0/ एम0एस0 | --- | रू0 11,500/– | रू0 15000/– | रू0 11,500/– प्रति परीक्षा |
| 14. | डी0एम0 | --- | रू0 15,000/– | रू0 20000/– | रू0 15,000/– प्रति परीक्षा |
| 15. | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालयों में संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रम(बी.एस.सी. (कृषि) को छोड़कर) | --- | रू0 1500/– | रू0 1500/– प्रति सेमेस्टर<br>रू0 3000/– अंतिम सेमेस्टर हेतु | रू0 1500/– प्रति परीक्षा |
| 16. | विश्वविद्यालय परिसर के वार्षिक पाठ्यक्रम | --- | रू0 3000/– | रू0 3000/– अंतिम सेमेस्टर हेतु<br>रू0 4500/– अंतिम वर्ष हेतु | रू0 3000/– प्रति परीक्षा |
| 17. | व्यक्तिगत परीक्षा | स्नातक | रू0 1200/– | रू0 3000/– | रू0 1200/– प्रति परीक्षा |
| 18. | व्यक्तिगत परीक्षा | परास्नातक | रू0 1500/– | रू0 5000/– | रू0 1500/– प्रति परीक्षा |



Scanned with CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19. | बैकपेपर | — | रू0 500/– प्रति पेपर | रू0 750/– प्रति पेपर | रू0 500/– प्रति पेपर |
| 20. | नामांकन शुल्क | | रू0 100/– | रू0 200/– | रू0 100/– |
| 21. | पी–एच0डी0 हेतु निर्धारित शुल्क | | | | |
| | आवेदन शुल्क(सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग) | | रु0 1500/– | रु0 2500/– | रु0 1500/– |
| | आवेदन शुल्क (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग) | | रु0 1000/– | रु0 1500/– | रु0 1000/– |
| | पी–एच0डी0 कोर्स वर्क शुल्क(सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग) | | रु0 25000/– | रु0 35000/–(प्रति वर्ष) | रु0 25000/– |
| | पी–एच0डी0 कोर्स वर्क शुल्क(अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग) | | रु0 12500/– | रु0 25000/–(प्रति वर्ष) | रु0 12500/– |

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**मद सं0–2021.04.4** सत्र 2020–21 में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेशित छात्र/छात्राओं (संस्थागत/भूतपूर्व) की परीक्षा फार्म भरने एवं शुल्क जमा किए जाने के अन्तिम अवसर प्रदान करने हेतु जमा अतिरिक्त विलम्ब शुल्क की वापसी के सम्बन्ध में विचार। स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेशित छात्र/छात्राओं (संस्थागत/भूतपूर्व छात्र) के परीक्षा से पूर्व सम्पन्न किये जाने वाले कार्यों के विलम्ब शुल्क के साथ तिथि विस्तरण किये जाने के समय–समय पर लिये गये निर्णयों पर माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप विलम्ब शुल्क की वापसी एवं पुनः निर्धारण पर विचार किया जाना आपेक्षित है।

**निर्णय –** सचिव द्वारा समिति को बताया गया कि स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेशित छात्र/छात्राओं (संस्थागत/भूतपूर्व छात्र) के परीक्षा से पूर्व सम्पन्न किये जाने वाले कार्यों के विलम्ब शुल्क के साथ तिथि विस्तरण किये जाने के समय–समय पर लिये गये निर्णयों पर माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप विलम्ब शुल्क की वापसी एवं पुनः निर्धारण पर सर्वसम्मति से विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त उक्त समस्त विलम्ब शुल्क की वापसी हेतु कुलसचिव जी की अध्यक्षता में समिति गठित कर महाविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर जॉचोपरान्त उचित कार्यवाही किया जाए।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**मद सं0–2021.04.5** दिनांक 01 अगस्त, 2021 को सम्पन्न हुयी पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा में भाग लेने से वंचित रह गये परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित कराये जाने एवं बैक पेपर के परीक्षार्थियों को प्रोन्नत किये जाने पर विचार।

**निर्णय –** सचिव द्वारा समिति को बताया गया कि स्नातक की सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षा में बहुत से छात्र/छात्रायें पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा हेतु आवेदन करने से वंचित रह गये थे तथा पर्यावरण परीक्षा की स्कीम बदले जाने की वजह से छात्र/छात्राओं की परीक्षा छूट गयी थी। उक्त के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा दिनांक–19.08.2021 को तृतीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 03:30 बजे तक अयोजित की जायेगी एवं



Scanned with CamScanner

उपरोक्त समस्त छात्र/छात्राओं को परीक्षा में भाग लेने हेतु अवसर प्रदान किया जाये।

कोविड-19 के दृष्टिगत छात्रहित में यह सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 या उससे पूर्व के समस्त भूतपूर्व छात्र/छात्राओं को न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रदान करते हुये पर्यावरण अध्ययन विषय में प्रोन्नत किया जाये।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

मद सं0-2021.04.6 कोविड-19 महामारी एवं उसके प्रोटोकॉल के कारण बी.एस.सी.(कृषि), एम.एस.सी.(कृषि), बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. की बैकपेपर तथा प्रायोगिक/इण्टरनल एसिसमेंट/मौखिकी परीक्षाऐं सम्पन्न नहीं करायी जा रही हैं। बैकपेपर परीक्षा हेतु आवेदित प्रश्नपत्रों में औसत अंक का निर्धारण, उस कक्षा में परीक्षार्थी को अन्य विषयों/प्रश्नपत्रों में दो प्रश्नपत्रों में प्राप्त अधिकतम् अंको का औसत अंक एवं प्रायोगिक/इण्टरनल एसिसमेंट/मौखिकी परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थी को लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों का 150 प्रतिशत अंक जो अधिकतम् प्रायोगिक/इण्टरनल एसिसमेंट/मौखिक परीक्षा के पूर्णांक का 80 प्रतिशत से अधिक न हो अथवा न्यूनतम् उत्तीर्णांक प्रदान करते हुये परीक्षाफल घोषित किये जाने पर विचार। साथ ही स्नातक स्तर में प्रोजेक्ट तथा परास्नातक स्तर में डिजर्टेशन कुछ महाविद्यालयों द्वारा रू0 1500/- शुल्क के साथ विश्वविद्यालय में प्राप्त करा चुके हैं, इनको मूल्यांकित कराते हुये अंक दिये जाने हैं अथवा उपरोक्त की भांति औसत अंक प्रदान किये जाने पर विचार।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त विषयों के बैकपेपर परीक्षा हेतु आवेदित प्रश्नपत्रों में औसत अंक का निर्धारण, उस कक्षा में परीक्षार्थी को अन्य विषयों/प्रश्नपत्रों में दो प्रश्नपत्रों में प्राप्त अधिकतम् अंको का औसत अंक एवं प्रायोगिक/इण्टरनल एसिसमेंट/मौखिकी परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थी को लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों का 150 प्रतिशत अंक जो अधिकतम् प्रायोगिक/इण्टरनल एसिसमेंट/मौखिक परीक्षा के पूर्णांक का 80 प्रतिशत से अधिक न हो अथवा न्यूनतम् उत्तीर्णांक प्रदान करते हुये परीक्षाफल घोषित किया जाये।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

मद सं0-2021.04.7 एल.एल.एम. I, II, III एवं IV सेमेस्टर के अर्ह छात्र/छात्राओं, संस्थागत/भूतपूर्व के परीक्षा फार्म सब्मिशन की तिथि 03 एवं 04 अगस्त, 2021 करने एवं परीक्षाऐं दिनांक 09 अगस्त, 2021 से कराये जाने पर विचार।

निर्णय – समिति उपरोक्त से अवगत हुई और सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

Scanned with CamScanner

मद सं0–2021.04.8 दिनांक 09 अगस्त, 2021 से आयोजित होने वाली बी.एस.सी.(कृषि) एवं एम.एस.सी.(कृषि) की परीक्षायें अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर नयी तिथि निर्धारित किये जाने पर विचार।

निर्णय – दिनांक 09 अगस्त, 2021 से आयोजित होने वाली बी.एस.सी.(कृषि) एवं एम.एस.सी.(कृषि) की परीक्षायें अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर नयी तिथि दिनांक 21.08.2021 से परीक्षा कराये जाने पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी, साथ ही सर्वसम्मति से स्कीम तथा परीक्षा केन्द्र की सूची का भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.9 विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2021 में बहुत से छात्र एवं छात्राओं के लिंग (M/F)/विषय (Subject/Paper) परिवर्तित हो गये थे, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं (OMR Sheets) के मूल्यांकन पर विचार।

निर्णय – सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2021 में बहुत से छात्र एवं छात्राओं के लिंग (M/F)/विषय (Subject/Paper)/फोटो परिवर्तित हो गये थे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऐसे सभी परीक्षार्थियों का मूल्यांकन कराया जाये। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों द्वारा लिंग परिवर्तन जानबूझ कर किया गया है अथवा मानवीय/लिपकीय त्रुटिवश हुआ है पर विचार के लिए प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, डीन, स्टूडेन्ट्स वेलफेयर, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर, डॉ. अवधेश सिंह, महामंत्री, कूटा, प्रो. मुनेश कुमार, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग एवं सहायक कुलसचिव (परीक्षा) की चार सदस्यीय समिति का गठन किया जाये एवं समिति की आख्या के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाये।

मद सं0–2021.04.10 बी.एस–सी.(III) कम्प्यूटर एप्लिकेशन के प्रोजेक्ट के जमा कराये जाने एवं अंक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में विचार।

निर्णय – सर्वसम्मति से समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मद संख्या–6 में प्रायोगिक/इण्टरनल एसिसमेंट/मौखिकी परीक्षाओं हेतु लिये गये निर्णय के अनुसार कार्यवाही सम्पन्न की जाये।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.11 बी.एड. (द्वितीय वर्ष) की अनुसूचित जाति (SC) के छात्र/छात्राओं के शुल्क न जमा होने के कारण सब्मिशन न होने पर विचार।

निर्णय – सर्वसम्मति से समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, डीन, स्टूडेन्ट्स वेलफेयर, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर, डॉ. अवधेश सिंह, महामंत्री, कूटा, प्रो. मुनेश कुमार, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग एवं सहायक कुलसचिव (परीक्षा) की चार सदस्यीय समिति का गठन किया जाये एवं समिति की आख्या के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाये।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0



Scanned with CamScanner

मद सं0–2021.04.12 सम सेमेस्टर की परीक्षाये न कराये जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।

निर्णय – सर्वसम्मति से समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु कोविड–19 के दृष्टिगत सम सेमेस्टर की समस्त परीक्षायें न कराते हुये सभी परीक्षार्थियों को नियमानुसार प्रोन्नत किया जाये।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.13 सत्र 2020–21 हेतु परीक्षाफल तैयार किये जाने एवं घोषित किये जाने की कार्यपद्वति का निर्धारण।

- Question Paper Setter से प्राप्त Answer Key परीक्षा उपरान्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर परीक्षार्थियों से आपत्ति प्राप्त किया जाना।
- प्राप्त आपत्तियों को पुनः किसी अन्य शिक्षक से विचार कर अन्तिम Answer Key की तैयार किया जाना।
- Answer Key की चारो सीरीज का Jumbling Answer Key तैयार किया जायेगा।
- Jumbling Answer Key का मूल Answer Key से मिलान नामित समिति से कराया जाना।
- कोडिंग एजेन्सी द्वारा ओ0एम0आर0 सीट का मूल्यांकन किया जाना एवं नामित समिति द्वारा मूल्यांकित ओ0एम0आर0 सीट का Random Manual Verification किया जाना।
- कोडिंग एजेन्सी द्वारा प्राप्त इन्टरनल मार्क्स को शामिल करते हुये परीक्षा परिणाम तैयार किया जाना।
- संगणक केन्द्र द्वारा भी परीक्षा परिणाम तैयार किया जायेगा।
- परीक्षा परिणाम को अनुमोदन के उपरान्त घोषित किया जाएगा।
- कोडिंग एजेन्सी द्वारा तैयार परीक्षा परिणाम एवं संगणक केन्द्र द्वारा तैयार परीक्षा परिणाम का नामित समिति द्वारा मिलान करने के लिए Check Sum किया जायेगा और परीक्षा नियंत्रक को लिखित रिपोर्ट प्रेषित किया जाएगा।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से उपरोक्त कार्यपद्धति का अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.14 नई शिक्षा नीति के अनुपालन के क्रम में सत्र 2021–22 से Scrutiny एवं Challenge Evaluation के Provision को समाप्त कर आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं में केवल Improvement Exam कराये जाने पर विचार।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि स्क्रूटिनी की प्रक्रिया पूर्ववत चलती रहेगी। चुनौती मूल्यांकन के सम्बन्ध में राजभवन, लखनऊ से प्राप्त पत्र संख्या ई–7443/03–जी0एस0/2019(TC) दिनांकित 26.11.2020 में वर्णित दिशानिर्देशों को समिति द्वारा सर्वसम्मति से लागू करने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0



Scanned with CamScanner

मद सं0–2021.04.15 कोविड–19 महामारी को देखते हुये छात्रहित में परीक्षार्थी को 15 अंक प्रति प्रश्नपत्र अतिरिक्त मार्क्स दिये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किये जाने पर विचार।

निर्णय – कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु छात्रहित में मूल्यांकन में मॉडरेशन हेतु प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रत्येक विषय के प्रत्येक प्रश्नपत्र में आवश्यतानुसार अधिकतम् 10 अंक तक अतिरिक्त मार्क्स दिये जाने हेतु निर्णयार्थ निम्नलिखित त्रिसदस्यीय समिति गठित किये जाने का निर्णय लिया गया :

1. **प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी,** डीन, स्टूडेन्ट वेलफेयर, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर।
2. **प्रो. सुधान्शु पाण्ड्या,** डीन, प्रशासन, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
3. **डॉ. आर.के. द्विवेदी,** निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।

**कार्यवाही**–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.16 सत्र 2020–21 के मुख्य/सेमेस्टर/मेडिकल परीक्षा हेतु नामित परीक्षा केन्द्रों एवं नोडल केन्द्रों की संस्तुति पर विचार।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से सत्र 2020–21 के मुख्य/सेमेस्टर/मेडिकल परीक्षा हेतु नामित परीक्षा केन्द्रों एवं नोडल केन्द्रों की सूची का भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यवाही**–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.17 सत्र 2020–21 हेतु मुख्य परीक्षा के स्नातक एवं परास्नातक के प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों, बैक पेपर परीक्षा एवं सम सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षार्थियों को प्रोन्नति किये जाने एवं अंक प्रदान किये जाने की नीति पर विचार।

निर्णय – विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1200/सत्तर–3–2021–08(20)/2020, दिनांक–08 जून, 2021 के अनुपालन में सत्र 2020–21 हेतु मुख्य परीक्षा के स्नातक एवं परास्नातक के प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों, बैक पेपर परीक्षा एवं सम सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षार्थियों को नियमानुसार प्रोन्नति किये जाने एवं अंक प्रदान किये जाने की समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

**कार्यवाही**–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.18 आनलाइन परीक्षा कराये जाने एवं शिक्षकों से आनलाइन/ईमेल द्वारा प्रश्नपत्र प्राप्त किये जाने पर विचार।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित कुछ पाठ्यक्रमों की आनलाइन परीक्षा प्रयोग हेतु सम्पादित करायी जाये। आनलाइन परीक्षा सफलतापूर्वक संचालन होने पर आगामी परीक्षाओं में समिति द्वारा इस पर विचार किया जायेगा एवं समय की बचत हेतु शिक्षकों से



Scanned with CamScanner

आनलाइन/ईमेल द्वारा प्रश्नपत्र प्राप्त किये जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

मद सं0–2021.04.19 परीक्षा केन्द्रों पर लगाये गये सी0सी0टी0वी0 को विश्वविद्यालय परिसर स्थिति परीक्षा सेंटर कमान्ड से लिंक किये जाने एवं उसमें आ रही व्यवहारिक समस्याओं पर विचार।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2021–22 के आनलाईन फार्म सब्मिशन के पूर्व सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों से उनके परिसर में स्थित कक्षों की संख्या एवं उनमें इंस्टाल्ड सी.सी.टी.वी. कैमरों की संख्या, उनके ब्राण्डनेम, स्टैटिक आई.पी. एड्रेस इत्यादि की सूचना प्राप्त कर ली जाये।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

मद सं0–2021.04.20 परीक्षा सम्बन्धी पारिश्रमिक के बीजकों के भुगतान पर विचार।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षा में पेपर सेटर, ऑब्ज़र्वर एवं मूल्यांकन इत्यादि में लगाये गये सभी शिक्षकों के पारिश्रमिक को एक्सेल शीट पर तैयार कर एक साथ भुगतान हेतु प्रेषित किया जाय।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

मद सं0–2021.04.21 नीरजा अवस्थी पुत्री श्री रमाकान्त अवस्थी द्वारा एक ही सत्र में इस विश्वविद्यालय से एम0ए0 एवं बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल से बी0पी0एड0 की डिग्री प्राप्त किया गया है। छात्रा द्वारा इस विश्वविद्यालय से की गयी एम0ए0 की डिग्री निरस्त किये जाने की माँग पर विचार।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि परीक्षा समिति 11.10.2019 के मद संख्या–05 के ऐसे ही प्रकरण में लिए गये निर्णय के कम में छात्रा नीरजा अवस्थी पुत्री श्री रमाकान्त अवस्थी को इस विश्वविद्यालय से प्रदत्त एम0ए0 की डिग्री को निरस्त किये जाने के प्रकरण को अगली परीक्षा समिति में विचारार्थ रखे जाने का निर्णय लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

मद सं0–2021.04.22 मणिकंचन त्रिपाठी पुत्री श्री मदन मोहन त्रिपाठी सत्र 2017–18 एम0एड0 द्वितीय वर्ष की बैक पेपर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाने के उपरान्त कोविड–19 स्लिप डिस्क की बीमारी के कारण पुनः परीक्षा न देने पाने के कारण पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने का एक और अवसर प्रदान किये जाने पर विचार।

निर्णय – ऑर्डिनेन्स के अनुसार एम0एड0 की परीक्षा अधिकतम तीन वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य होता है। समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि



Scanned with CamScanner

मणिकंचन त्रिपाठी पुत्री श्री मदन मोहन त्रिपाठी के सत्र 2017–18 एम0एड0 द्वितीय वर्ष की बैक पेपर की परीक्षा में पुनः सम्मिलित होने का एक और अवसर प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रत्यावेदन पर विचार किया जाना नियमानुसार उचित नहीं पाया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.04.23 माननीय कुलपति जी की अनुमति से अन्य मद के अन्तर्गत बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की वर्तमान प्रक्रिया को विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नवत् संशोधित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**निर्णय** – बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की प्रक्रिया पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नवत् निर्णय लिया गया कि छात्रहित में बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी परीक्षा के परिणाम के चार्ट को मुख्य परीक्षा के चार्ट के साथ संलग्न कर सम्बन्धित को प्रेषित कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाये।

| बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी का परिणाम तैयार किये जाने की वर्तमान प्रक्रिया | बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी का परिणाम तैयार किये जाने की संशोधित प्रक्रिया |
|---|---|
| छात्र के सम्बन्धित बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी /प्रश्नपत्र के अंक प्राप्त होने के उपरान्त चार्ट की एक प्रति सम्बन्धित परीक्षा विभाग को उपलब्ध करा दी जाती है एवं चार्ट की एक प्रति स्टूडेन्ट सपोर्ट सेल को उपलब्ध करा दी जाती है। तत्पश्चात् कम्प्यूटर सेण्टर/कोडिंग सेल द्वारा उक्त बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी के छात्रों का अंकपत्र विभाग को उपलब्ध करा दिया जाता है।<br>स्नातक स्तर पर बैक पेपर कैरीओवर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी में प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं का अंक द्वितीय वर्ष में, द्वितीय वर्ष का तृतीय वर्ष एवं छूटे हुए प्रायोगिक अंकों को अंकित कर परीक्षाफल संशोधित किया जाता है एवं इसका प्रोफॉर्मा तैयार कर कम्प्यूटर सेण्टर/कोडिंग सेल को अपडेट करने एवं अंकपत्र मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।<br>परास्नातक स्तर पर बैक पेपर कैरीओवर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी में प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं का अंक द्वितीय वर्ष एवं छूटे हुए प्रायोगिक अंकों को अंकित कर परीक्षाफल संशोधित किया जाता है एवं इसका प्रोफॉर्मा तैयार कर कम्प्यूटर सेण्टर/कोडिंग सेल को अपडेट करने एवं अंकपत्र मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है। | प्रक्रिया के संशोधन के उपरान्त अंकपत्र का मुद्रण सीधे कम्प्यूटर सेण्टर/कोडिंग सेल द्वारा किया जायेगा। परीक्षा विभाग से सम्बन्धित का प्रोफॉर्मा बना कर कम्प्यूटर सेण्टर/कोडिंग सेल को प्रेषित नहीं किया जायेगा। परीक्षा विभाग को बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी का चार्ट कम्प्यूटर सेण्टर/ कोडिंग सेल के द्वारा प्राप्त करा दिया जाएगा, जो कि सुरक्षित रखा जाएगा और भविष्य में सत्यापन इत्यादि के लिए मूल चार्ट एवं बैक पेपर, चुनौती मूल्यांकन एवं स्क्रूटिनी चार्ट दोनों को सुसंगत अभिलेख मानते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। |

अन्त में मा0 कुलपति जी द्वारा सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव, परीक्षा समिति

प्रो०( विनय कुमार पाठक)
कुलपति/अध्यक्ष



Scanned with CamScanner